# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
# मध्यप्रदेश

क्रमांक/कोविड–19 नियंत्रण/आई.डी.एस.पी/2020/1748 भोपाल, दिनांक 09/10/2020

प्रति,

1. कलेक्टर, जबलपुर, म.प्र।
2. कलेक्टर, भोपाल, म.प्र।

विषयः– रेल वैगन रिपेयर/ऑवरहॉलिंग हेतु कम्प्रेस्ड ऑक्सीजन गैस एवं गैस सिलेण्डर की आपूर्ति विषयक।

संदर्भः– महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत सरकार, रेल मंत्रालय का पत्र क्र. 80.19.1137 दिनांक 16/09/2020

विषयांतर्गत लेख है कि संलग्न संदर्भित पत्र का अवलोकन हो, जिसमें लेख किया गया है कि कटनी एवं सतना रेल जंक्शन, नियमित ऑवरहॉलिंग डिपो (ROH) के रूप में चिन्हांकित हैं, जहाँ मालगाड़ियों के वैगन का मरम्मत/मेन्टेनेन्स का कार्य सुनिश्चित किया जाता है ताकि रेल मार्गीय आवागमन सुरक्षित रूप से संचालित हो। अवगत हों कि, ऑक्सीकटिंग पद्धति से रेल वैगन के मरम्मत हेतु कॉम्प्रेस्ड ऑक्सीजन गैस का उपयोग किया जाता है परन्तु कोविड–19 की स्थिति को दृष्टिगत रख़ते हुए औद्योगिक ऑक्सीजन की प्रदायगी को प्रतिबंधित किया गया है जिसके फलःस्वरूप रेल वैगन के रिपेयर/ऑवरहॉलिंग का कार्य दिनांक 01/09/2020 से प्रभावित हो रहा है।

**नियमित ऑवरहॉलिंग डिपो (ROH), कटनी/सतना तथा कोच रीहेबिलिटेशन वर्कशॉप (CRWS), भोपाल में साप्ताहिक रूप से क्रमशः 65 सिलेण्डर (455 cu.m) तथा 150 सिलेण्डर (1050 cu.m) की आवश्यकता आंकलित की गई है।**

चूंकि, देश में रेल मार्ग द्वारा आवश्यक सामग्रियों का परिवहन किया जा रहा है एवं कोविड–19 के परिदृश्य में सीमित संख्या में यात्री रेलों का संचालन किया जा रहा है अतएव, निर्देशित किया जाता है कि महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत सरकार, रेल मंत्रालय के उपरोक्त आंकलन अनुसार कॉम्प्रेस्ड ऑक्सीजन गैस की साप्ताहिक उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें ताकि मालवाहक एवं यात्री रेल सेवाओं का संचालन बाधित न हो।

संलग्नः– महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत सरकार, रेल मंत्रालय का पत्र।

(डॉ. संजय गोयल)
आयुक्त स्वास्थ्य,
मध्यप्रदेश

क्रमांक/कोविड–19 नियंत्रण/आई.डी.एस.पी/2020/1749 भोपाल, दिनांक 09/10/2020

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ।

1. निज सचिव, मुख्य सचिव, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, लो.स्वा. एवं परि.क. विभाग/चि.शि. विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, म.प्र।
3. महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत सरकार, रेल मंत्रालय, 482001।
4. समस्त संभागीय आयुक्त, म.प्र।
5. समस्त क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र।
6. प्रभारी, कोविड–19 नियंत्रण कक्ष, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र।

आयुक्त स्वास्थ्य,
मध्यप्रदेश

शैलेन्द्र कुमार सिंह
महाप्रबंधक
**Shailendra K. Singh**
**General Manager**

भारत सरकार Govt. of India
रेल मंत्रालय Ministry of Railways

पश्चिम मध्य रेल
जबलपुर - 482 001
West Central Railway
Jabalpur - 482 001

No.80.19.1137

Date:14.09.2020

**The Chief Secretary,**
**Secretariat,**
**Government of Madhya Pradesh,**
**Bhopal - 462011 (Madhya Pradesh)**

मुख्य सचिव कार्यालय
CS/Gen-Co/5701
Date 16/09/2020

**(Kind attention: Shri Iqbal Singh Bains)**

**Sub: Non-Supply of Compressed Oxygen Gas for Wagon Repair/Overhauling at Katni and Satna.**

Routine Overhauling (ROH) Depots at New Katni Junction and Satna carry out large scale repair/maintenance of wagons before the same are released to form freight train rakes fit for safe train movement. Compressed oxygen gas is required for oxycutting of wagon body and other wagon repair works. We have placed Purchase Order on M/s Aditya Air Products Private Limited, Nagpur who supplies compressed oxygen gas from its local factory at Industrial Area Richhai, Jabalpur. Collector, Jabalpur has imposed restriction on supply of oxygen for requirements other than that of hospitals to deal with COVID-19 cases. As such, the wagon repair/overhauling has been badly affected since 01.09.2020.

Collector, Bhopal has also imposed similar restriction w.e.f. 11.09.2020 and this will affect out-turn of coaches in our Coach Rehabilitation Workshop (CRWS) at Bhopal.

The weekly requirement of ROH Depots is just about 65 cylinders i.e. 455 cubic metres and that of CRWS/Bhopal is about 150 cylinders i.e. 1050 cubic metres. These requirements of Railway are thus a small fraction only of what is needed for hospitals.

It may please be appreciated that due to COVID-19 pandemic, the Railway has been forced to restrict its passenger train movement to a bare minimum and is mainly running freight trains so that essential commodities could reach every nook and corner of the country for benefit of all. If the wagon repair/overhauling and coach out-turn are allowed to suffer as above, this will adversely affect availability of wagons to form freight trains for movement of essential commodities and whatever minimum passenger trains WCR is presently running. Apart from this, stoppage of train services will also affect the government earning.

In view of above, I request you to please advise district administrations to give relaxation as regards supply of small requirement of subject item to the Railways.

**(Shailendra K. Singh)**
**General Manager**

Ph.: 0761-2627444 Fax : 0761-2628133